Regarding land acquisition for 84 Kosi Parikrama Road in Ayodhya,

Uttar Pradesh- Laid

श्री अवधेश प्रसाद **(फैज़ाबाद) :** 84 कोसी परिक्रमा की सड़क के नाम पर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या, (उत्तर प्रदेश) में बहुत बड़े पैमाने पर किसानों की भूमि बिना उचित मुआवजा दिए सरकार की तरफ से ली जा रही है । इनके घरों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया जा रहा है । कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है । हजारों किसान परेशान हैं। मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूँ कि 84 कोसी परिक्रमा के नाम पर उजाड़े गए लोगों के घरों के मामलों की जाँच की जाए एवं इस भूमि अधिग्रहण पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए । मिल्कीपुर तहसील एवं बीकापुर के किसान विशेष रूप से प्रभावित हैं ।